## भामस ने की मजदूर कॉलोनी की मांग

**भीलवाड़ा।** भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी श्रीमान् दामोदर जी अठावाल सांसद भीलवाडा से मुलाकात कर मजदूरों के आवास के लिए कॉलोनी की मांग की। भामस के जिला मंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि भीलवाड़ा टेक्सटाईल हब है, जिसमें लगभग 70 हजार मजदूर कार्यरत है। जिनके लिए किसी भी प्रकार की कोई कॉलोनी नहीं है। अत: कोलोनी बनाकर रियायती दर पर मजदूरों को मिले इस हेतु सरकार से मांग की। प्रदेश विधि सलाहकार व वरिष्ठ श्रमिक नेता प्रभाष चौधरी ने कहा कि लगभग 50 वर्ष पहले 500 मकानों की मजदूर कोलोनी बनाकर मजदूरों को आवंटित किये थे, परन्तु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने मजदूरों हेतु आवास की तरफ ध्यान नहीं दिया, भीलवाड़ा की पहचान टेक्सटाईल सिटी से है। परन्तु टेक्सटाईल श्रमिकों हेतु एक भी कॉलोनी नहीं है और यह भी मांग की कि रिको ऐरिये में जो अशांति फैली हुई है, उसका भी तुरन्त समाधान हो। कन्हैयालाल माली ने बताया कि सांसद ने सरकार व प्रशासन से उचित समाधान करवाने का आश्वासन दिया। भामस ने डायरेक्टर मेडिकल एवं हेल्थ सांईस को पत्र लिखकर ई.एस.आई. हॉस्पिटल भीलवाड़ा (राज.) को ई.एस.आई. कॉर्पोरेशन केन्द्र के अधीन स्थानान्तरित करने की मांग की।

# मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं ने की वेतन बढ़ाने की मांग

**अजमेर** (कासं)। राज्य सरकार महत्वपूर्ण मिड डे मील योजना से जुड़ी कुक एंड हेल्पर महिलाओं को समय पर वेतन नहीं मिलने, वेतन बढाने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को महिलाओं ने जिला कलेक्टर लोकबंध से मुलाकात कर अपना मांग पत्र सौंपा।

कुक हेल्पर का कार्य करने वाली महिलाओं ने बुधवार को अजमेर जिला

- **कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा मांग पत्र**

कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी नाराजगी जाहिर की और कलेक्टर लोक बंधु से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। उन्होंने बताया कि मानदेय का भुगतान समय पर नहीं से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2003 से इस कार्य में संलग्न महिलाएं केवल दो हजार रुपए मासिक मानदेय पर काम कर रही हैं, लेकिन यह भी 6-6 माह तक नहीं मिल पाता है।कई महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनकी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं।

महिलाओं ने राज्य सरकार से मांग की है कि सरकारी स्कूलों में मिड डे मील योजना को सफल बनाने में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए चतुर्थ श्रेणी भर्ती में प्राथमिकता दी जाए। साथ ही उन्हें इस भर्ती में शामिल करने के लिए उम्र में छूट भी दी जाए ताकि वे भर्ती प्रक्रिया में आवेदन कर सकें। अगर ऐसा संभव नहीं हो तो उनके बच्चों को वरीयता दी जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उन्हें जो मानदेय मिलता है, वह भी समय पर नहीं मिल पाता। इससे उनकी आर्थिक समस्याएं बढ़ गई हैं।



**मिड-डे मील योजना से जुड़ी कुक एंड हेल्पर महिलाओं को समय पर वेतन नहीं मिलने, वेतन बढाने की मांग की ।**

## पर्यटक बादशाह मेला 15 मार्च को

**ब्यावर** (निसं)। शहर को विश्व पटल में पहचान दिलाने वाले ऐतिहासिक बादशाह मेला के सफल संचालन के लिए अग्रवाल समाज द्वारा सतीश गर्ग को मेला संयोजक नियुक्त किया गया।

उनके सहयोग के लिए चिंटू गर्ग, नरेश गुप्ता व शिवांग जिंदल, अभिषेक सटाक को सह संयोजक नियुक्त किया गया। समाज अध्यक्ष मुकेश अरड़का ने बताया कि ब्यावर जिला बनने के पश्चात् दूसरी बार बादशाह मेला आयोजित किया जायेगा ।

इसलिए मेले में उमंग हर वर्ष से अधिक रहेगी। बादशाह मेला इस बार 15 मार्च शनिवार को आयोजित किया जाएगा। समाज ने युवाओं को ऐतिहासिक मेले की जिम्मेदारी सौंपी है। मंत्री श्रवण बंसल ने बताया कि सन 1852 से बादशाह मेले का सफल आयोजन सर्व समाज के सहयोग से अठावाल समाज निरंतर कर रहा हैं। इस वर्ष भी मेला पूरे उत्साह व धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। पर्यटन मेला के रूप में आयोजित होने वाले इस मेले में राजस्थान प्रदेश के अनेक शहरों से लोग यहाँ आकर इस मेले का आनंद लेते है।

प्रचार मंत्री चंद्रेश चिंटू गर्ग ने बताया की इस सभा में मुकेश अरडका, श्रवण बंसल, अमित बंसल, निखिल जिंदल, सतीश सर्राफ,भरत कुमार मंगल, सुनील जिंदल राजेंद्र सराफ, अभिषेक सटाक, ओमप्रकाश अग्रवाल आदी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### वकीलों ने की टोल फ्री कराने की मांग



**मदनगंज-किशनगढ,** (निस)। किशनगढ बार एसोसिएशन ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को ज्ञापन सौपकर वकीलों के लिये टोल फ्री कराने की मांग की। नियमानुसार 60 किलोमीटर के दायरे में टोल बूथ नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड रहा है। बार अध्यक्ष रूपेश शर्मा, सचिव संजय बिडला व सदस्य नवीन बैरवा ने अवगत कराया की वकीलों को आये दिन पक्षकारों की पैरवी करने के लिये दूदू, जयपुर, बांदरसिंदरी, बडगांव, अजमेर, ब्यावर, अंराई के अलावा अन्य स्थानों पर आना जाना पडता है। पक्षकारो के हितार्थ आवागमन में टोल देना पड रहा है, ऐसी स्थिति में वकीलों के लिये वाहन टोल फ्री किया जाये, ताकि पक्षकारों भी आर्थिक राहत मिल सके। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने शिष्टमंडल को शीघ्र ही उचित कार्यवाही के लिये आश्वस्त किया।

### नए साल में भजन कीर्तन हुए

**पुष्कर** । पुष्कर में जहां एक और होटल और रिसॉर्ट में नए साल की पार्टियों से जश्न मनाया जा रहा है। वहीपुष्करमें कई स्थानों पर सुंदरकांड,भागवत कथा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करके सबकी मगल कामना की जाएगी। पुष्कर के सिद्धेश्वर बालाजी के सुंदर कांड कार्यक्रम माधव पाराशर की ओर से एवं ब्रह्म चौक में अहिल्या बाई होलकर की जयंती मनाई जा रही है। इसके अलावा प्रसिद्ध कथावाचक आशुतोष शास्त्री की श्रीमद् भागवत कथा का समापन भी31 दिसम्बर को हुआ। इस कथा में पुष्कर के प्रसिद्ध उद्योगपति कांति प्रसाद लाला भैयाएवं संजय भोमिया भी शामिल होकर पुण्य कमाया ।

## नंदीश्वर दीप महामण्डल विधान शुरु

**अजमेर** (कासं)। श्री जिनशासन तीर्थक्षेत्र जैन नगर नाकामदार अजमेर में परम पूज्य अभिक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के सुयोग्य शिष्य परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी मुनिराज व मुनि श्री 108 सदानंदजी मुनिराज, क्षुल्लक श्री 105 पूर्णानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में पंच दिवसीय श्री नंदीश्वर महार्चना पुरातन वर्ष विदाई एवं नूतन वर्षाभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन 31 दिसम्बर से 04 जनवरी 2025 तक पूर्ण भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जा रहा है। मंत्री विनित कुमार जैन ने बताया कि पंच दिवसीय श्री नंदीश्वर महार्चना पुरातन वर्ष विदाई एवं वर्षाभिनंदन कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार प्रातः 6:45 देवाज्ञा, गुरूआज्ञा, प्रातः 7:15 बजे घटयात्रा श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र जैन नगर स्थित लाल मंदिर से प्रारम्भ होकर मुख्य पाण्डाल स्थल तक निकाली गई, जिसमें महिलाऐं मंगल कलश लेकर व पुरूष 52 भगवान मस्तक पर विराजमान कर पूर्ण भक्तिभाव के साथ गाजे बाजे के साथ चले, इसके बाद प्रातः 8 बजे अभिषेक शांतिधारा, प्रातः 8:30 बजे सकलीकरण, इन्द्रप्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा, आचार्य निमन्त्रण, प्रातः 9:00 बजे नित्य पूजन, विधान प्रारम्भ किया गया।

परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद जी मुनिराज के प्रवचन आयोजित किए, जिसमें उन्होने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विदेह क्षेत्र के नन्दीश्वर दीप जो कि आठवा दीप है में 52 चैताल्य की स्थापना की गई है। आज के समय मोक्ष विदेह क्षेत्र से ही संभव है और इस पंचम काल में मोक्ष इस धरती पर संभव नहीं है।

## श्रीयादे माता की जयंती 31को

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। यादें शक्ति सेना प्रजापति समाज की बैठक में आगामी 31 जनवरी को यादें माता जयंती उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। गांधीनगर स्थित प्रजापति पंचायत भवन में आयोज्य बैठक को लेकर श्रीयादे शक्ति सेना अध्यक्ष चेतन प्रजापति ने बताया कि जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम होंगे, जिसमें रक्तदान शिविर, मेहंदी प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 31 जनवरी को प्रजापति पंचायत भवन से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्गो से होते हुए पुराना शहर स्थित श्रीयादे माता मंदिर पहुंचेगी। बैठक में प्रजापति विकास समिति अध्यक्ष चतुर्भुज प्रजापति, रामसहाय प्रजापति, किशनलाल प्रजापति, गोपाल प्रजापति, सोहन प्रजापति, सुरेश प्रजापति, राजकुमार राजोरा, बलराम प्रजापति, नाथूलाल प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

# रोक के आदेश के बावजूद अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम

**अजमेर,** (कासं)। नगर निगम द्वारा बाजारों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को लेकर गत दिनों दरगाह बाजार में कार्यवाही अंजाम दी गई। व्यापारियों के रोष और ख्वाजा साहब के उर्स के मद्देनजर श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ द्वारा एडीएम सिटी से कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिस पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई, लेकिन मंगलवार को देहली गेट, धानमंडी से अतिक्रमण हटाने की टीम का व्यापारियों ने विरोध जताया। व्यापारियों ने निगम प्रशासन पर जबरदस्ती परेशान करने का आोप लगाया। मौके पर पहुंचे महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर लोकबंधु और एडीएम सिटी गजेन्द्र सिंह राठौड को शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने अनुमति नहीं होने की बात कहते हुए कार्यवाही को स्थगित करावाया।

- **व्यापारियों ने जताया रोष**
- **श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ ने जताई नाराजगी**
- **कलेक्टर ने रुकवाई कार्यवाही**

महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र बंसल और रमेश लालवानी ने बताया कि नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा पिछले दिनों दरगाह बाजर अन्दर कोट और नला बाजार के व्यापारियों को अनावश्यक परेशान करने और सामान को शटर के अन्दर रखने के आदेश से सामान जब्त करने और पट्टियो को तोडे जाने के विरोध में व्यापारियों के प्रतिनिधी मंडल ने एडीएम सिटी गजेन्द्र सिंह राठौड के कक्ष में मुलाकात करके बताया कि पूर्व कलेक्टर अदिति मेहता के समय से दुकान के बार दो फुट की पट्टी तक सामान रखने की अनुमति प्रदान की गई थी उससे सहमत होते हुए अतिरिक्त जिलाधीश गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने प्रतिनिधी मंडल का नेतृत्व करने वालों को बताया कि प्रशासन द्वारा इस कार्यवाही को स्थिगित कर दिया था।


**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू मित्तल पत्नी रमेश चंद मित्तल ग्राम चौरसियावास, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 1647 प्लाट नंबर 48, 49 में क्षेत्रफल 346.66 वर्ग गज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी।

(उपायुक्त उत्तर)
अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**आम सूचना**

मेरी मां श्रीमती लता देवी पत्नी स्व. श्री केशव चन्द जाति सिन्धी निवासी सिन्धी धर्मशाला के पास चन्द्रा कॉलोनी, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 11 सितम्बर 1990 को हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-श्यामसुन्दर पुत्र केशव चन्द

**आम सूचना**

मेरे पिता श्री छीतरमल शर्मा पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र शर्मा का दिनांक 21 मई 1971 व मेरी मां श्रीमती लादी पत्नी छीतरमल शर्मा का दिनांक 15 दिसम्बर 1976 सर्व जाति ब्राह्मण सर्व निवासी हरित भवन के पास, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर हो गया, जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-रामप्रसाद शर्मा पुत्र छीतरमल शर्मा

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी भागीदारी फर्म मैसर्स ललित मार्बल इण्डस्ट्रीज, प्लाट संख्या जी-93, इण्डस्ट्रीयल एरिया, बिदियाद, जिला नागौर (न्यू जिला डीडवाना-कुचामन) (राज0), पंजीयन संख्या: RF/NGR/2018/940 है तथा इस भागीदारी फर्म से भागीदार कन्हैया लाल जोशी पुत्र मुन्ना लाल कि 23.06.2024 को हो जाने पर उनके स्थान पर सभी भागीदारों की आपसी सहमति से दिनांक 23.06.2024 से संतोष देवी पत्नि कन्हैया लाल को इस भागीदारी फर्म में नया भागीदार बनाया गया हैं। जिसमें सभी भागीदारों की सहमति हैं तथा अब इस भागीदारी फर्म में वर्तमान में हम निम्न भागीदार हैं 1. मुन्ना लाल, 2. संतोष देवी, 3. धर्म चन्द जोशी व 4. ललित किशोर जोशी। यदि किसी को आपत्ति हो तो रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस नागौर के कार्यालय में पन्द्रह दिन में दर्ज करा सकते हैं। मियाद गुजरने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।


## 'गंभीरता के साथ राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करें'

**भीलवाड़ा** । जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि राजस्व अधिकारी गंभीरता के साथ राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करें। यह बात उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राजस्व के लंबित प्रकरणों का प्रभावी तथा विहित समय में निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में राजस्व से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा कर राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को अधिक समय देकर कोर्ट केसों के निपटान के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि रेवेन्यू परिवादों को निपटाएं तथा कन्वर्जन, नामांतरण आदि प्रकरणों को नियमित मॉनिटरिंग कर निस्तारित करें।

खुले या परित्यक्त बोरवेल, ट्यूबवेल पाए जाने कार्यवाही के दिए निर्देश - जिला कलक्टर नमित मेहता बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि खुले एवं परित्यक्त बोरवेल/ट्ययूबवेल से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए जिले में या ठाामीण क्षेत्रों में आस-पास किसी भी स्थल पर कोई खुला या परित्यक्त बोरवेल अथवा ट्ययूबवेल दिखाई दे तो आमजन मौके के फोटोठााफ मय स्थान का विवरण जैसे गांव/स्थान, तहसील थाना क्षेत्र का नाम एवं जिला अंकित करते हुए तुरन्त जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम टेलीफोन नंबर 01482-232671 तथा राज्य स्तर पर 0141-2759903 तथा सीयूजी नंबर (वाट्सअप नम्बर) मोबाईल नंबर 87648-73114 हैल्पलाईन नम्बरों पर सूचना देवें। निरन्तर हो रही दुर्घटनाओं को मध्यनजर रखते हुए अपने अधीन प्रत्येक ग्राम पंचायत, पटवारी, तहसीलदार, नगरीय निकायों को पाबन्द करते हुए परित्यक्त बोरवेल/ ट्ययूबवेल व खुले कुओं को बन्द कराने की ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करावें कि भविष्य में खोदे जाने वाले बोरवेल/ट्ययूबवेल किसी भी स्थिति में खुले नहीं रहे।

## मंत्री चौधरी ने की आम लोगों से चर्चा

**किशनगढ़/अजमेर,** । केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को 2025 की पूर्व संध्या पर अपने गृहक्षेत्र किशनगढ़ स्थित आवास और कार्यालय में एक विशेष संवाद कार्यक्रम 'अलाव पर चर्चा' का क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, आमजन और समर्थकों के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत की और सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय और सौहार्दपूर्ण चर्चा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी आमजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नववर्ष के लिए शुभकामनाएं और संकल्प :- चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि 2025 हमारे लिए नई उम्मीदों और नई उपलब्धियों का वर्ष होगा।

## नवनिर्वाचित महासभा अध्यक्ष अपूर्वा का अभिनंदन

**मेडता सिटी** । अखिल भारतीय नामदेव क्षित्रय दर्जी समाज के महासभा चुनाव 2024 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकिशोर अपूर्वा व संगठन मंत्री श्री गोपाल तारवान व सदस्य रघुनाथ रूणवाल का सोमवार रात को प्रेम नगर स्थित अखिल भारतीय नामदेव टाक क्षित्रय दर्जी समाज पुष्कर के पूर्व अध्यक्ष नवरतन मल टाक के निवास स्थान पर माला व साफा पहना कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष अपूर्वा ने बताया कि चुनाव तो एक संस्था का भाग हे बाकी समाज के विकास के लिए समाज के हर नागरिक का योगदान रहता हे। टाक ने समाज के विकास के लिए काफी योगदान दिए हे वही काफी विकास कार्य करवाया साथ ही पुष्कर के भवन को एक विकास का नया आयाम स्थापित किया साथ ही महासभा का प्रथम बार अध्यक्ष बनने के बाद मेड़ता आशीर्वाद लेने पहुंचे और विकास को लेकर चर्चा की। वही पुष्कर मंदिर के पूर्व अध्यक्ष नवरतनमल टाक ने कहा समाज के विकास में सभी का योगदान जरूरी वही सही दिशा व मार्ग दर्शन बुजुर्गों का सानिध्य भी जरूरी । महासभा चुनाव के जो मुख्य कार्य हे उस पर अपूर्वा बेखूबी से कार्य करेंगे । वही अध्यक्ष अपूर्वा के साथ सहयोगी हुकमीचंद कीजडा युवा समाज सेवी उनका भी तोलंबिया परिवार की ओर से अभिनंदन किया गया।


**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/राजकाज 12551350 दिनांक :- 19/12/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 33/2024-25**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 97.35 लाख की ई-निविदा दिनांक 25.12.2024 से दिनांक 07.01.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2425WSOB00193 - 206

अधिशाषी अभियन्ता
अजमेर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/9735

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक/योजना/2024-25/432 दिनांक- 31/12/2025

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा वसीयत निष्पादित करने पर करने पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम की भगवानगंज EWS योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 39 क्षेत्रफल 50 वर्गगज के मूल आवंटी श्री दौलत राम पुत्र श्री टीलूमल रामचन्दानी के नाम है। श्री दौलत राम जरिये वसीयत पत्र द्वारा श्रीमती सुनिता गोपलानी को वसीयत कि गयी है। श्री दौलत राम का स्वर्गवास दिनांक 12.05.2017 को हो चुका है। श्रीमती सुनिता गोपलानी पत्नी श्री मुल चन्द गोपलानी निवासी 39 भगवानगंज, अजमेर ने उक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2023-24/105528 दिनांक 16.11.2024 को संयुक्त नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 कार्य दिवस के भीतर आपत्ति नगर निगम कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपायुक्त नगर निगम अजमेर


## 'पत्रकार ईमानदारी के साथ कार्य करें'

**ब्यावर** (निसं) विधायक शंकरसिंह रावत ने कहा कि पत्रकार समाज का एक दर्पण है। समाज को दिशा और दशा देने में पत्रकारों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी और अहमियत है। पत्रकार कलम की ताकत के जरिए सरकार और जनता के बीच एक सेतु बन कर काम करता है। समाज की पीड़ा को उजागर कर उसका निराकरण करने में पत्रकारों का कोई सानी नही है। वे मंगलवार को वद्धर्मान कन्या पीजी महाविद्यालय के सभागार में जिला पत्रकार संघ ब्यावर की ओर से आयोजित पद स्थापन एवं जिला स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे पर बेबाक कलम चला कर शासन और सरकारी तंत्र तक जनता की आवाज को पहुंचाने का काम पत्रकार ही कर रहा है। समाज के लिए संघर्ष की एक अहम कड़ी है पत्रकार। ऐसे में पत्रकारों को अपने दायित्व का निर्वाह ईमानदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने जिला स्तरीय संगठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हर पत्रकारों के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कांठोस नेता पारस पंच ने कहा कि पत्रकार समाज के लिए संघर्ष करता है। वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारों के समक्ष आज के समय में कई तरह की चुनौतिया है। उसके बाद भी पत्रकार निर्भीक होकर अपनी कलम के जरिए समाज और शासन को जगा रहा है। वर्तमान स्थितियां बदली है। सोशल मिडिया हावी हो रहा है। लेकिन पत्रकारों को पत्रकारिता में शब्दों का मोल समझते हुए अपने कार्य को निडरता के साथ करें।

# राजू भूतड़ा ने संभाला मंडल रेल प्रबंधक अजमेर का कार्यभार

**अजमेर,** 31 दिसम्बर (कासं)। भारतीय रेल की यातायात सेवा के 1996 बैच के उन्होंने निवर्तमान मंडल प्रबंधक आलोक अग्रवाल से यह पदभार ग्रहण किया।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक बीसीएस चौधरी के अनुसार रेलवे बोर्ड द्वारा राजू भूतड़ा को भारतीय रेलवे की राष्ट्रीय अकादमी वडोदरा के वरिष्ठ प्रोफेसर (ट्रांसपोर्ट मेनेजमेंट) के पद से मण्डल रेल प्रबंधक अजमेर के पद पर नियुक्त किया गया है । मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा को 25 वर्ष की रेल सेवा का लंबा अनुभव है। पूर्व में इनके द्वारा अजमेर मण्डल पर ही वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक तथा वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक के पद पर भी कार्य किया गया है । उत्तर पश्चिम रेलवे मे अजमेर के अतिरिक्त राजू भूतड़ा ने जोधपुर व बीकानेर मे वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक तथा जोधपुर मण्डल पर अपर मंडल रेल प्रबंधक(ऑपरेशन), उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं । राजू भूतड़ा ने पश्चिम रेलवे के राजकोट मण्डल सहायक परिचालन प्रबंधक के पद से भारतीय रेल में अपनी सेवाएं प्रारंभ की। इस पद पर लगभग 2 वर्ष की सेवा के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी मेहसाणा तत्पश्चात मण्डल संरक्षा अधिकारी भावनगर के पदों पर कार्य किया। इसके पश्चात जोधपुर मण्डल पर मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्य किया ।

मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में संरक्षा, यात्री सुविधा, परिचालन में सुधार, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और नवाचार को शामिल किया है। राजू भूतड़ा ने इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन मे इंजीनियरिंग की है।



**वरिष्ठ अधिकारी राजू भूतड़ा ने मंगलवार को मंडल कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक अजमेर का कार्यभार ग्रहण कर लिया।**

## भीलवाड़ा विकास के लिए बजट में मांग

**भीलवाड़ा** । विधायक अशोक कोठारी ने आगामी बजट में भीलवाड़ा विधानसभा के विकास के लिए मुख्य मांगो को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र सौंपा। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विधायक कोठारी ने विधानसभा विकास के लिए पत्र में लिखा कि

भीलवाड़ा को स्मार्ट सिटी में शामिल किया जाए, सुपर स्पेशलिस्ट विंग प्रदान करना, एलिवेटेड रोड मय आरओबी निर्माण, ईआरसीपी परियोजना में शामिल करने बाबत, यूनिवर्सिटी स्थापना बाबत, स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना सहित मुख्य मांगे है।

भीलवाडा को स्मार्ट सिटी में शामिल किया जाए - वर्तमान में वस्त्र नगरी भीलवाड़ा के कपडा उद्योग का करीब 31 हजार करोड़ का टर्नओवर है, भीलवाड़ा को राजस्थान का मैनचेस्टर कहा जाता है और इसी के साथ ही भीलवाड़ा में राजस्थान के तीसरे स्थान पर आता है।


**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/597 दिनांक : 31-12-24

**लोक सूचना**

आवेदक 1. हरदयाल पुत्र गोकलराम जाट निवासी कालीडूंगरी 2. सुभाष 3. राजेश पुत्रगण श्री भागीरथ चौधरी निवासी चोयल हाउस शान्ति नगर अजमेर बाईपास रोड मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज0 4.सूरजमल पुत्र गिरधारी निवासी शान्ति नगर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज0 5.राजेन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी देवडूंगरी मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राज0 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ (पेट्रोल पम्प) गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़ | सावतसर | 415/5, 415/6 | खसरा नम्बर 415/5, 415/6, में कुल क्षेत्रफल 1313.0 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ........को जारी की गयी।

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/4849 **आम सूचना** दिनांक : 31.12.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भवन निर्माण**

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 135 | लाली देवी पत्नि भागचन्द जाट | नीलकंठ नगर राजस्व ग्राम नगर शिखरानी-2 बिजयनगर ख.सं. 1195/134 नया ख.सं. 1757/1195 भू.सं. 08 | 119.13 SQ.MTR | आवासीय |
| 136 | लाली देवी पत्नि भागचन्द जाट | नीलकंठ नगर राजस्व ग्राम नगर शिखरानी-2 1195/134 नया ख.सं. 1757/1195 भू.सं. 20 | 104.50 SQ.MTR | आवासीय |
| 137 | संगीता जैन पत्नि दिलीप कुमार जैन | शिवनगर सेक्टर नं. 2 बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 1001 भू.सं. 21 | 111.48 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

दूरभाष 0145-2429953, फैक्स 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com, web.-www.ajmermc@rajasthan.gov.in

क्रमांक : योजना/2023-24/429 दिनांक : 30-12-24

**संशोधन आदेश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की अजमेर नगर निगम द्वारा भूखण्डों की नीलामी की जा रही है इच्छुक इस अवसर का लाभ ले सकते है। कार्यालय आदेश क्रमांक: योजना / 2024-25/409 दिनांक: 06.12.2024 को सार्वजनिक ई-नीलामी सूचना निकाली गई थी जिसकी अवधि अमानत राशि जमा कराने की दिनांक 09.01.2025 तक एवं नीलामी दिनांक 10.01.2025 तक बढ़ायी जाती है।

उपायुक्त (विकास) नगर निगम अजमेर